# भारतीय शिक्षा बोर्ड
## मॉड्यूल प्रश्न पत्र - I$^{st}$ Term
## हिंदी - कक्षा 8
## सत्र: 2025-26

**निर्धारित समय : 1 घंटा** **अधिकतम अंक : 20**

**निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त **10** मिनट का समय दिया जाएगा। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं।
- **खंड क** में 1 प्रश्न है, जिसकी प्रश्न संख्या 1 है, प्रश्न संख्या 1 में 4 उप प्रश्न हैं, उप प्रश्न संख्या 1 से 3 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित किया गया है एवं उप प्रश्न संख्या 4 के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- **खंड ख** में 1 प्रश्न है, जिसकी प्रश्न संख्या 2 है, प्रश्न संख्या 2 में 5 उप प्रश्न हैं प्रत्येक उप प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित किया गया है।
- **खंड ग** में 2 प्रश्न हैं, जिनकी प्रश्न संख्या 3 एवं 4 हैं, प्रश्न संख्या 3 के लिए 4 अंक निर्धारित किये गये हैं एवं प्रश्न संख्या 4 के लिए 6 अंक निर्धारित किये गये हैं।

---

## खंड-क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

*सवाल यह पैदा होता है कि जिस तरह से दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग या पारिस्थितिकी के कारण परिदृश्य परिवर्तित हो रहे हैं और जिनके दुष्परिणाम का अब इंतज़ार भी करने की आवश्यकता नहीं है कि हमारे चारों तरह सब कुछ तेजी से बदलता हुआ दिखाई दे रहा है| शुरुआती गर्मी ही नई सीमाओं को छू रही है| हम पानी हवा जंगल की कमियों से जूझते नजर आ रहे हैं| वनों के हालात और देश की मिट्टी अब सुरक्षित दर्ज़े में नहीं रखी जा सकती| यह मुद्दे कैसे खड़े किए जाएँ या कैसे ये राजनीतिक पार्टी या राजनेताओं के लिए गंभीर विषय बने ? यह सवाल यथावत है | यह तभी संभव है जब हम इन्हें वरीयता से राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बनवाएँ | कोई भी राजनीतिक घोषणा पत्र इससे अछूता न हो,लेकिन उनके संज्ञान में तो यह सब कुछ तब आएगा जब यह जनमत बनकर राजनीतिक दलों की प्राथमिकता बन जाए | यही आज का सबसे बड़ा विषय भी है | यह मात्र अपने देश की ही बात नहीं है बल्कि दुनिया भर में जिस तरह से बुरे हालात हो चुके हैं,अब मात्र विकास ही राजनीतिक दलों का दायित्व नहीं होना चाहिए बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर करने के लिए भी उनकी रणनीतियों का उनके घोषणा पत्र में खुलासा होना ज़रूरी है | अगर हम पिछले तमाम चुनावों को देखें तो कभी भी किसी भी राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में कोई भी ग्रीन एजेंडा इस रूप में नहीं था जो कि प्रकृति के प्रति उनकी कटिबद्धता दर्शाए,ताकि वह पाँच साल के बाद विकास के दावों के अलावा प्रकृति और पर्यावरण पर किए जाने वाले कार्यों का भी विवरण दे सकें| ऐसा शुरू से होता तो आज हालात कुछ और होते| आज ज़रूरी है कि सर्वोहित में हर व्यक्ति,घर,गाँव को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति भी राजनीतिक दलों को गंभीर बनाना होगा ताकि हम एक सुरक्षित भारत की ओर बढ़ सके,जहाँ विकास के साथ पारिस्थितिकी  का भी समान स्थान हो | ऐसे ही प्रयत्न के रूप में 'नेशनल नेचर नेटवर्क' के साथियों ने सभी*

*राजनीतिक दलों को एक पत्र के माध्यम से बताने की कोशिश भी की है| इसमें तीन मुख्य मुद्दों की तरफ ध्यान खींचा गया है| जी.डी.पी (GROSS DOMESTIC PRODUCT) के साथ जी.ई.पी (GROSS ENVIRONMENT PRODUCT) पर भी कार्य हो | पारिस्थितिकी को भी रोजगार का दर्ज़ा दें और ग्राम उद्योग बनाएँ | अपने देश के पर्वों को प्रकृति सुधार से जोड़ें | अब जब सब कुछ हाथ से निकलता जा रहा हो तो फिर मुट्ठी ही कसनी होगी ताकि कुछ बचाया जा सके |*

*- (स्रोत : दैनिक जागरण , दिनांक-14.04.2024*
*लेखक - पद्मभूषण सम्मानित डॉ अनिल प्रकाश जोशी)*

**(i) उपर्युक्त लेख का केंद्रीय भाव क्या है ?**

(क) दुनिया, देश और जनता को पर्यावरण के खतरों के प्रति जागरूक करना |

(ख) 'नेशनल नेचर नेटवर्क' से संबंधित लोगों की ओर ध्यान आकर्षित कराना |

(ग) पारिस्थितिकि तंत्र के प्रति अखबारों की उदासीनता को लक्षित करना |

(घ) राजनीतिक दलों के चुनावी मुद्दों में पारिस्थितिकी को भी वरीयता देनी चाहिए |

**(ii) कथन (A) और कारण (R) को पढकर उपयुक्त विकल्प चुनिए :**

**कथन (A):** राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में कोई भी ग्रीन एजेंडा इस रूप में नहीं था जो कि प्रकृति के प्रति उनकी कटिबद्धता को दर्शाए|

**कारण (R):** दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग या पारिस्थितिकी के कारण परिदृश्य परिवर्तित हो रहे हैं|

(क) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है|

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है|

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है|

(घ) कथन (A) गलत है और कारण (R) दोनों गलत है|

**(iii) 'अब जब सब कुछ हाथ से निकलता जा रहा हो तो फिर मुट्ठी ही कसनी होगी' – इस पंक्ति के समानांतर अर्थ को दर्शाती हुई उक्ति निम्न में से कौन-सी है ?**

(क) अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत

(ख) जागेगा सो पावेगा , सोएगा सो गँवाएगा

(ग) अँधे बाँटे रेवड़ी फिर-फिर अपने को देय

(घ) जो गुड़ देने से मरे उसे विष क्यों दिया जाए

**(iv) राजनीति में पारिस्थितिकी को प्राथमिकता देने से कैसे परिणाम सामने आएँगे ? उत्तर के रूप में किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए |**

## खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

**(i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

(क) पृथ्वी (ख) गंगा

**(ii) दिए गए उपसर्गों से एक-एक शब्द बनाकर लिखिए -**

(क) परा (ख) अव

**(iii) निम्नलिखित प्रत्ययों से एक-एक शब्द बनाकर लिखिए -**

(क) आवट (ख) वाला

**(iv) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद लिखिए -**

सुनील छत पर पतंग उडा रहा है|

**(v) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण शब्द को छाँटकर उसका भेद लिखिए -**

सरदार पटेल ने भारत को संप्रभु लोकतंत्र के रूप में स्थापित किया|

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

**3. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए:**

*मेरौ मन अनत कहाँ सुख पावै।*
*जैसे उड़ि जहाज कौ पच्छी पुनि जहाज पर आवै॥*
*कमल-नैन कौं छांड़ि महातम और देव को ध्यावै।*
*परमगंग कों छाँड़ि पियासो दुरमति कूप खनावै॥*
*जिंहि मधुकर अंबुज-रस चाख्यौ, क्यों करील-फल भा वै।*
*सूरदास, प्रभु कामधेनु तजि छेरी कौन दुहावै॥*

**(i) पद में पक्षी और जहाज क्रमश: किसे बताया गया है ?**

(क) पक्षी भक्त है और जहाज़ ईश्वर (ख) पक्षी एक संसारी है और जहाज़ संसार

(ग) पक्षी मन है और जहाज़ शरीर (घ) पक्षी सामन्य पक्षी है और जहाज़ उसका बसेरा

**(ii) कमल रस के स्वाद का अनुभव लेने वाले मधुकर को क्या नहीं पसंद आता ?**

(क) वृक्ष पर लगे ताज़े फल (ख) गंगा का जल

(ग) करील का कड़वा फल (घ) फूलों की बगिया

**(iii) अंतिम पंक्ति 'कामधेनु' से क्या आशय है ?**

(क) पछाई जाति का दुधारू पशु (ख) इच्छाओं को पूरा करने वाली गाय

(ग) ऐसा भक्त जो सभी सुखों का त्याग कर दे (घ) सुख की प्राप्ति का अचूक साधन

**(iv) पद के माध्यम से कवि ने अपनी किस भावना को प्रकट किया है ?**

(क) भक्ति गीत से आनंदित होने का भाव (ख) जीव-जंतुओं और प्रकृति के प्रति स्नेह

(ग) संसार के भौतिक सुखों को प्राप्त करना (घ) अपने आराध्य के प्रति अटूट भक्ति

**4. निर्धारित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:**

(i) 'भारति, जय, विजय करे' कविता के आधार पर भारत के प्राकृतिक सौंदर्य का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए|

(ii) 'काली चिड़िया' के आधार पर बताइए कि विश्वास के संबंधों का निर्वहन कैसे करना चाहिए|

(iii) लेखिका महादेवी वर्मा के द्वारा मोर के बच्चों को घर लाने पर अन्य जीवों ने किस प्रकार अपनी प्रतिक्रिया जताई?

(iv) 'जशोदा हरि पालनैं झुलावैं' - पद में वर्णित माता यशोदा के वात्सल्य भाव को स्पष्ट कीजिए|